हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 मुस्लिम युवाओं ने मदद कर पुजारी जी को पहुंचाया...



07 जातिवार जनगणना की मांग को लेकर कुशवाह...



खबर संक्षेप

106 वर्षीय गुलाब बाई का शतायु सम्मान हुआ

विदिशा। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर दिव्यांग पुनर्वास केंद्र परिसर में वृद्धजनों के सम्मान किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण, विधिक साक्षरता और आयुष्मान शिविर लगाए गए, जिनमें करीब 180 वृद्धजनों ने भाग लिया। विधायक मुकेश टंडन और सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने वार्ड 8 निवासी 106 वर्षीय गुलाब बाई विश्वकर्मा का शतायु सम्मान किया। वहीं मौजूद अन्य वृद्धजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। वृद्धजनों के स्वास्थ्य और अधिकारों से संबंधित जानकारी भी दी गई।

नुक्कड़ नाटक से दिखाया मोदी का संघर्ष

विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर परिषद लटेरी में कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक किया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन-संघर्ष, साहस और राष्ट्रसेवा के भाव को दर्शाया गया। इसमें वाइब्रेंट गुजरात और ज्योतिग्राम जैसी योजनाओं का भी उल्लेख किया गया। आतंकवाद के खिलाफ निर्भीक रुख और राष्ट्र को सर्वोपरि रखने का संदेश प्रस्तुति का मुख्य विषय रहा। 13 कलाकारों ने अभिनय किया। मान्या, मुस्कान, रोहिणी, प्रिंस, साहिल, सुरेश, अमन, शुभम और अन्वी ने प्रमुख भूमिकाएं निभाईं। निर्देशन प्रिया सिंह परिहार ने किया।

बालिकाओं के निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस दिए गए

विदिशा। शासकीय आईटीआई विदिशा में जिला परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्रशिक्षणार्थियों और युवाओं को यातायात नियमों, हेलमेट-सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया गया। छात्राओं और बालिकाओं के लिए लर्निंग लाइसेंस बनाने की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क रखी गई। अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का मूल मंत्र है। यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सकता है। कार्यक्रम में परिवहन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, प्राचार्य, प्रशिक्षण अधिकारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

हरिवृद्धाश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया

विदिशा। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से श्री हरिवृद्धाश्रम में जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकरण अध्यक्ष शेख सलीम ने कहा कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने वृद्धजनों को सम्मान, सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और विधिक अधिकारों की जानकारी उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई। सचिव नितेन्द्र सिंह तोमर ने भरण-पोषण, सम्मानपूर्वक जीवनयापन और संपत्ति संबंधी अधिकारों की जानकारी दी।

घर पर गणेश विसर्जन करने वाले 200 लोगों को निःशुल्क दिखाई फिल्म

अंगद सेना की पहल: पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक परिवारों का किया सम्मान, मेघ टॉकीज में दिखाई 'हनुमान अंश'

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- शहर के अन्य परिवारों से घर पर विसर्जन की अपील की।

गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान नदियों और जलस्रोतों को प्रदूषण से बचाने के लिए शहर के युवा समाजसेवियों ने अनूठी पहल की।

घर पर स्वच्छ जल में श्री गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने वाले परिवारों को प्रोत्साहित करने के लिए मेघ टॉकीज में 'हनुमान अंश' फिल्म निःशुल्क दिखाई गई। इसमें बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित करीब 200 लोग सपरिवार शामिल हुए। अंगद सेना के समाजसेवी संजय प्रजापति ने बताया कि गणेश उत्सव के बाद कई परिवारों ने बेतवा नदी और जानकी कुंड में प्रतिमा विसर्जन करने के बजाय अपने घर की छत या परिसर में स्वच्छ जल में विसर्जन किया। इन परिवारों ने धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाई। ऐसे जागरूक परिवारों का उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से फिल्म दिखाने का आयोजन किया गया। अंगद सेना ने घर पर विसर्जन करने वाले परिवारों का आभार जताते हुए कहा कि उनकी जागरूकता ही इस पहल की वास्तविक सफलता है। ऐसे प्रयासों से आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ नदियों और सुरक्षित जलस्रोतों को बचाने का संदेश दिया जा सकता है। सेना ने शहर के अन्य परिवारों से भी आगामी गणेश उत्सव में 'आस्था भी, प्रकृति की रक्षा भी' के संकल्प के साथ घर पर स्वच्छ जल में विसर्जन करने की अपील की। कार्यक्रम में कीर्ति प्रजापति, नथनसिंह प्रजापति, तरुण शर्मा, रामसिंह प्रजापति, विजय शर्मा, राजकुमार प्रजापति, सुरेंद्र कुशवाह, पवन नामदेव, राकेश चौरसिया, जय, समर्थ और कार्तिक सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इन परिवारों से घर पर गणेश विसर्जन की फोटो और वीडियों मंगाई गईं। जिसके आधार पर परिवारों का चयन किया गया। जिसमें बच्चों और बुजुर्गों ने उत्साह से भाग लिया और घर पर किए गए गणेश विसर्जन के फोटो और वीडिया शेयर किए।



विदिशा। फिल्म देखने सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष पहुंचे टॉकीज।

- सकारात्मक बदलाव के लिए बड़े अभियान की जरुरत।

समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए जरूरी

संजय प्रजापति ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए जरूरी नहीं कि बड़े अभियान ही चलाए जाएं। परिवारों का एक छोटासा जिम्मेदार कदम भी बड़े परिवर्तन की नींव बन सकता है। घर पर विसर्जन करने वाले परिवारों ने जल प्रदूषण रोकने के साथ यातायात का दबाव कम करने और पेट्रोल-डीजल की बचत में भी योगदान दिया है। इस पहल का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि आस्था और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं।

अवैध क्लीनिकों के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

पीपलखेड़ा कलां में 3 क्लीनिक सील, दो को नोटिस जारी, शहर में बेधड़क चल रहीं

बिना डिग्री ग्रामीण क्षेत्रों में क्लीनिक संचालित करने वालों पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई कर 3 क्लीनिक सील कर दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पीपलखेड़ा कलां गांव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा गैर-मान्यता प्राप्त एवं अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन क्लीनिक सील और दो क्लीनिकों के संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जांच दल ने गांव में संचालित क्लीनिकों का निरीक्षण कर आवश्यक दस्तावेजों एवं मान्यता संबंधी जानकारी की जांच की। जांच के दौरान सुधीर क्लीनिक, ओम क्लीनिक एवं गोविंद साहू क्लीनिक को सील करने की कार्रवाई की गई। वहीं गोविंद महाराज क्लीनिक एवं भगवान सिंह किरार क्लीनिक को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने एवं निर्धारित मापदंडों का पालन करने के संबंध में नोटिस जारी किए गए। कार्रवाई के दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रमोद दीवान, बीएमओ विदिशा डॉ. विकास सिंह, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. शोएब खान, मेडिकल ऑफिसर डॉ. गौरव यादव, प्रदीप राठौर, रोहित दोहरे एवं तलाह सुहेल शामिल रहे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में बिना मान्यता एवं निर्धारित नियमों के विपरीत संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के विरुद्ध जांच एवं कार्रवाई की जा रही है। इधर शहर में गली मोहल्लों में बिना डिग्री के डॉक्टर अवैध तरीके से क्लीनिकें संचालित कर रहे हैं। कार्रवाई के बाद फिर से क्लीनिकें खुल जाती हैं।



विदिशा। जांच के बाद क्लीनिक को सील करते हुए स्वास्थ्य विभाग का अमला।

मंदिर के सामने कचरे का ढेर, स्वच्छता अभियान पर सवाल

विदिशा। गर्ल्स कॉलेज परिसर में स्वच्छता व्यवस्था की स्थिति जिम्मेदारों के दावों पर सवाल खड़े कर रही है। मां सरस्वती की प्रतिमा वाले स्थान के सामने ही कचरे और सूखे पत्तों का ढेर लगा हुआ है। इसमें प्लास्टिक सहित अन्य सामग्री भी पड़ी दिखाई दे रही है। जिस परिसर में छात्राओं को स्वच्छता और अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाता है, वहीं मंदिर के सामने गंदगी का यह ढेर व्यवस्थाओं की अनदेखी दर्शा रहा है। प्रशासन स्वच्छता अभियान के तहत शहरवासियों को साफ-सफाई का संदेश दे रहा है, लेकिन कॉलेज परिसर में नियमित सफाई नहीं होने से सवाल उठ रहे हैं।

40 साल की सेवा के बाद शिक्षक सेवानिवृत्त नम आंखों से दी विदाई

नटेरन। शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला किशनपुर में शिक्षक भीम सिंह रघुवंशी के 40 वर्ष की शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। संकुल प्रभारी चंद्रेश श्रीवास्तव ने उनके शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान की सराहना की। विद्यालय परिवार की ओर से तखत सिंह अहिरवार, मोहर सिंह और लक्ष्मण सिंह मीणा सहित सहकर्मियों ने शॉल, श्रीफल, स्मृति चिह्न और उपहार भेंट किए। समारोह में जिले से आए करीब 30 सेवानिवृत्त शिक्षकों का भी शॉल-श्रीफल से सम्मान किया गया।

नशे बेचने का मामला: गैर इरादतन हत्या के 2 आरोपी और गिरफ्तार हुए

आरोपियों पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

थाना सिविल लाइन पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के प्रकरण में फरार चल रहे दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार मामले में पहले भी दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस तरह अब तक कुल चार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है।

नशा बेचने के मामले में गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज करने का प्रदेश का यह पहला मामला है।

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी और नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में की गई। थाना सिविल लाइन में अपराध प्रकरण दर्ज है। घटना 2 सितंबर की है, जिसमें संग्रामपुर निवासी विकास दांगी (22) की मौत हुई थी।

विवेचना के दौरान पुलिस ने ज्योति कुचबंदिया निवासी शेरपुर टीला और राकेश कुचबंदिया उर्फ पावर निवासी तखतमल कॉलोनी को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक ज्योति के खिलाफ पहले से 11 और राकेश के खिलाफ छह मामले दर्ज हैं। मामले में पूर्व में गोविंद उर्फ मॉडल अहिरवार और जीतू उर्फ जितेंद्र कुचबंदिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के नशीले पदार्थ और नशीले इंजेक्शनों के अवैध कारोबार से जुड़े होने की जानकारी भी सामने आई है। पुलिस ने बताया कि ऐसे मामलों में कार्रवाई लगातार जारी है। विदिशा पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई को शहर के लोगों ने सराहनीय बताया है।

टीईटी से मुक्ति और प्रथम नियुक्ति से वरिष्ठता की मांग को लेकर प्रदर्शन आज

विदिशा। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा की तीन प्रमुख मांगों को लेकर भोपाल में 27 सितंबर से संभागवार अनिश्चितकालीन धरना जारी है। इसी क्रम में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर उपवास और धरना दिया जाएगा। यह कार्यक्रम नीमताल स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक होगा। इसमें करीब 2 हजार शिक्षक और मातृशक्ति के शामिल होने की संभावना है। मोर्चा पदाधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर मांगों के समर्थन में एकजुट होने की अपील की।

रहवासियों और किसानों को कीचड़ से मिली निजात

ग्राम पंचायत ने मुरम डलवाकर दुरुस्त कराई 700 मीटर लंबी खेत सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

ग्यारसपुर तहसील के औलींजा नेशनल हाईवे-146 से मल्लू कुशवाह की ओर जाने वाली करीब 700 मीटर लंबी खेत सड़क पर भारी कीचड़ और पानी भरने से रहवासियों एवं किसानों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

ग्राम पंचायत औलींजा द्वारा गर्मियों में विधायक निधि से करीब 5 लाख रुपए की लागत से इस सड़क पर मुरम डलवाकर इसे तैयार कराया गया था। बताया गया कि नेशनल हाईवे-146 निर्माण कार्य के दौरान सड़क पर मुरम डालने के लिए एक किसान के खेत में खेत-तालाब खोदकर मुरम एवं मिट्टी निकाली गई थी। डंपरों के लगातार आवागमन से खेत सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। बारिश के दौरान सड़क पर कीचड़ एवं पानी भरने से किसानों को कृषि कार्यों के लिए ट्रैक्टर और अन्य कृषि यंत्र ले जाने में परेशानी हो रही थी। बारिश थमने और मौसम खुलते ही ग्राम पंचायत सरपंच कृष्णाबाई किशोर कुशवाह के द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली से मुरम डलवाकर सड़क को दुरुस्त कराया गया। किसान रमेश कुशवाह, डालचंद कुशवाह, गणेशराम कुशवाह एवं प्रमोद कुशवाह ने बताया कि अब सड़क की स्थिति काफी बेहतर हो गई है। इससे कृषि यंत्रों को खेत तक ले जाने तथा हकाई-बुवाई के कार्य में परेशानी नहीं होगी। वहीं स्थानीय रहवासियों ने भी सड़क दुरुस्त होने पर खुशी जताई है।



ई-कृषि यंत्र अनुदान के लिए 6 तक आवेदन

विदिशा। ई-कृषि यंत्र अनुदान योजना के तहत किसानों को कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ देने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। श्रेडर/मलचर, बेलर, स्लेशर, स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस), हे रेक/स्ट्रॉ रेक और रोटो कल्टीवेटर के लिए 24 सितंबर से 6 अक्टूबर तक आवेदन किए जा सकेंगे। किसान dbt .mpdage .org या एमपी ऑनलाइन कियोस्क से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए खसरा-बी-1, आधार कार्ड, ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र और स्वयं की बैंक पासबुक जरूरी है। साथ ही सहायक कृषि यंत्री, विदिशा के नाम संबंधित यंत्र की निर्धारित राशि का डिमांड ड्राफ्ट देना अनिवार्य है।

बापू की प्रतिमा के आसपास गंदगी कांग्रेस ने श्रमदान कर की सफाई

उखड़ी सीढ़ियों और क्षतिग्रस्त नाली की मरम्मत, नपा की अनदेखी से नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नीमताल स्थित गांधी प्रतिमा के आसपास गंदगी और बदहाली देख गुरुवार को कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं ने श्रमदान किया।

कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा परिसर की सफाई के साथ उखड़ी सीढ़ियों और क्षतिग्रस्त नाली में जमा गंदगी को हटाकर आवश्यक मरम्मत भी की। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, रणधीर सिंह ठाकुर, रवि साहू, रामराज सिंह दांगी, गोविंद भार्गव, आशीष माहेश्वरी, राजकुमार पांसी, सुनील दांगी, अशद खान, असलम पटेल, लक्ष्मी नारायण बघेल, शैलेन्द्र दांगी, राजेश रघुवंशी और राहुल रघुवंशी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।



नपा की कार्यप्रणाली पर खड़े किए सवाल

मोहित रघुवंशी ने कहा कि प्रतिमा के आसपास गंदगी और टूटी व्यवस्थाएं बनी रहना नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। सेवादल मुख्य संगठक रामराज सिंह दांगी ने कहा कि नगरपालिका स्वच्छता अभियान के प्रचार पर लाखों रुपए खर्च कर रही है, जबकि बापू की प्रतिमा के आसपास की स्थिति अभियान के दावों पर सवाल खड़े करती है।

आईएमए की नई कार्यकारिणी गठित हुई, डॉ. सिम्मी रघुवंशी बनीं अध्यक्ष

विदिशा। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) विदिशा की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें डॉ. सिम्मी रघुवंशी को अध्यक्ष, डॉ. राहुल जैन और डॉ. रूपिका गर्ग को उपाध्यक्ष, डॉ. महेंद्र रघुवंशी को सचिव तथा डॉ. सुधीर जैन को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं स्थापना समारोह होटल सयाजी में आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश आईएमए के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. एमके जैन ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजीव जैन ने बताया कि आईएमए विदिशा की स्थापना 1993 में 17 सदस्यों के साथ हुई थी। वर्तमान में संगठन में 250 सदस्य हैं। डॉ. एमके जैन करीब 17 वर्षों तक अध्यक्ष रहे और उनके कार्यकाल में संगठन का विस्तार हुआ। वर्ष 2024 में उन्हें मध्यप्रदेश आईएमए का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया था। डॉ. एमके जैन ने कहा कि आईएमए चिकित्सकों की मातृ संस्था है, जो सदस्यों के सुख-दुख में साथ खड़ी रहती है। संगठन चिकित्सकों को बीमा सुरक्षा, आर्थिक सहायता और चिकित्सा क्षेत्र में नवीन अनुसंधानों की जानकारी उपलब्ध कराता है। उन्होंने विदिशा में 500 प्रतिनिधियों की प्रदेश स्तरीय आईएमए कॉन्फ्रेंस आयोजित करने के लिए डॉ. राजीव जैन और उनकी टीम की सराहना की।

चांदी के विमान रथ में निकले भगवान

पंचमी पर्व पर भव्य चल समारोह, जैन समाज ने श्रद्धा से मनाया धार्मिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अंदरकिला स्थित प्राचीन श्री शीतलनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में पंचमी पर्व पर गुरुवार को वार्षिक विमानोत्सव भव्यता के साथ मनाया गया। पूज्य मुनि 108 निर्णय सागरजी महाराज ससंघ के सानिध्य में सुबह 11.30 बजे किला अंदर स्थित बड़ा जैन मंदिर से विशाल चल समारोह निकाला गया।

चल समारोह बजरिया, तिलक चौक, निकासा, किरी मोहल्ला, माधवगंज और पेड़ी चौराहा होते हुए वापस मंदिर पहुंचा। चांदी के विमान में भगवान महावीर विराजमान थे, जबकि दोनों ओर चांदी के मेरु रथ चल रहे थे। बग्घी पर जिनवाणी लेकर इंद्र-इंद्राणी विराजमान रहे। आचार्य और मुनिराज के कटआउट भी आकर्षण का केंद्र रहे।

अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के सदस्य आध्यात्मिक भजनों पर नृत्य करते हुए शामिल हुए। ज्ञानोदय तीर्थ दीवानगंज के प्राचार्य शुभम शास्त्री के साथ 70 से अधिक विद्यार्थी जैन धर्म की पताका लेकर चल रहे थे। मंदिर पहुंचने पर आचार्य पूजन, कलशाभिषेक, पूजन और मुनिश्री के प्रवचन हुए। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर नितिन जैन और एसडीएम अनुराग जैन सहित सकल जैन समाज के लोग मौजूद रहे। इसके बाद वात्सल्य भोज हुआ।



संतान की लंबी आयु और परिवार की खुशहाली की कामना

प्रदोष व्यापिनी अष्टमी में होगा पूजन, 16 का विशेष महत्व

हाथी पर सवार होकर आएंगी माता लक्ष्मी सुख-समृद्धि के लिए महिलाएं रखेंगी व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सनातन हिंदू धर्म में जीवत्पुत्रिका व्रत, हाथी पूजा और महालक्ष्मी पूजन का विशेष महत्व है।

इस वर्ष महालक्ष्मी पूजन 3 अक्टूबर शनिवार को किया जाएगा। आश्विन कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि में महिलाएं पुत्र-पौत्रों की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना से व्रत रखेंगी। इस दिन मिट्टी या धातु के हाथी के साथ महालक्ष्मी का पूजन करने की परंपरा है।

धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि अष्टमी तिथि 3 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से रात्रि 5:52 बजे तक रहेगी। प्रदोष काल में अष्टमी तिथि होने के कारण इसी दिन महालक्ष्मी पूजन करना शास्त्र सम्मत है। इस दिन महिलाएं जलाशय में जाकर ताजी दूर्वा से 16 बार तर्पण करती हैं। इसके बाद विधि-विधान से हाथी और महालक्ष्मी का पूजन किया जाता है।



16 संख्या का विशेष महत्व: पूजन में 16 का विशेष महत्व माना गया है। 16 गांठ का गडुआ, 16 बार तर्पण, 16 दीपक, 16 श्रृंगार, 16 सामग्री से पूजन और 16 बोल की कथा कहने की परंपरा है। महिलाएं प्रदोष काल में गाय के गोबर से चौक बनाकर पाटा पर हाथी स्थापित करती हैं। धूप, दीप, अक्षत, पुष्पमाला और नैवेद्य अर्पित कर महालक्ष्मी का पूजन किया जाता है।

शुभ योग में होगा पूजन: पंडित शास्त्री के अनुसार इस बार आर्द्रा नक्षत्र, वरियान योग और मिथुन राशि में चंद्रमा की स्थिति से शुभ संयोग बन रहा है। मान्यता है कि इस योग में हाथी पर विराजमान महालक्ष्मी का पूजन करने से घर में स्थायी सुख-वैभव और आर्थिक संपन्नता आती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार द्वापर युग में माता कुंती के पूजन के लिए अर्जुन इंद्रलोक से ऐरावत हाथी को पृथ्वी पर लेकर आए थे।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2605
उच्चतम भाव-6152
सरसों
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-8000
चना
न्यूनतम भाव-3150
उच्चतम भाव-7282
मसूर
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-6800
शरबती
न्यूनतम भाव-3680
उच्चतम भाव-4710
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-1855
उच्चतम भाव-3225
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2580
उच्चतम भाव-2580
बटरी
न्यूनतम भाव-3070
उच्चतम भाव-4151
मूंग
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-7626
उड़द
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-8051
धनिया
न्यूनतम भाव-13000
उच्चतम भाव-13000
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3050
उच्चतम भाव-3700
धान
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-3700
अलसी
न्यूनतम भाव-9000
उच्चतम भाव-9000
मटर
न्यूनतम भाव-2350
उच्चतम भाव-2350

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 9516 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

आज होंगे अनेक कार्यक्रम

गंजबासौदा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सुबह 10:30 बजे गांधी चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा सुबह 11:30 बजे महारानी लक्ष्मी बाई पार्क देहात थाने में पौधारोपण किया जाऐगा। भारतीय जनता पार्टी, नगर मंडल ने पदाधिकारियों से शामिल होने की अपील की है।

मुस्लिम युवाओं ने मदद कर पुजारी जी को पहुंचाया उनके घर कर्नाटक

नीतेश नायक ⏭ गंजबासौदा



मामला गत वर्ष का है, जब कर्नाटक के एक पुजारी की नगर के मुस्लिम युवाओं ने हिन्दु मुस्लिम एकता का परिचय देते हुए न सिर्फ मदद की बल्कि उन्हें ससम्मान एक दिन ठहराने के बाद वापस उनके घर तक पहुंचाया भी।
मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के शफाकत हुसैन कादरी ने बताया कि दीपावली से पहले होशंगाबाद नर्मदा स्नान को आए कर्नाटक के मड़ीकढ़ी स्थान के मंदिर के पुजारी आचार्य पुरूषोत्तम का अचानक स्वास्थ्य खराब हो गया था और इसी बीच घाट पर रखा उनका सारा सामान, रूपया, मोबाईल भी चोरी चला गया। जिससे वह वापिस जाने में असहाय हो गऐ और वो धनतेरस पर घर न जा सके। वह सोच रहे थे इस बार दीवाली घर पर कैसै मनाऐगें। तब उनको गंजबासौदा निवासी एक परिचित अब्दुल कदीर याद आए और वो मदद मांगने नगर में मोहम्मदी मस्जिद जवाहर रोड पर पहुंचे। जहां शुक्रवार (जुमा) की नमाज पढ़ने आऐ मुस्लिम युवकों को उन्होने अपनी आप बीती बताई। हांलाकि कदीर भाई तो नहीं मिले लेकिन मुस्लिम युवकों ने उनको दीपावली अपने घर पर ही मनाने का यकीन दिलाया और उनकी मदद के लिए सभी ने मिलकर उनके कर्नाटक जाने का किराया एवं भोजन पानी की व्यवस्था कराई। इस कार्य में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी, काजी साहब शैख़ बिलाल कुरैशी ने उन्हें विश्राम के साथ भोजन कराया और आरक्षित टिकिट का किराया, भोजन पानी की व्यवस्था करा कर पुजारी जी को कर्नाटक पहुंचने की व्यवस्था में सहयोग किया।

स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में सेवा संकल्प अभियान के 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता के लिए श्रमदान एवं विद्यालय परिसर की सफाई का कार्य किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने स्वयं सेवकों को स्वच्छता एवं नशा मुक्ति के संबंध में शपथ दिलाई तथा अतिथि समाज सेवी अमित खापरे ने छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेने एवं पर्यावरण स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने के लिए किए गए कार्यों की प्रशंसा की। संस्था संचालिका सुधा यादव ने स्वयं सेवकों को नशे से दूर रहने के लिए विशेष रूप से बल बल दिया तथा अपने साथी आस पड़ोस के लोगों को भी इससे दूरी बनाने के लिए कहा। कार्यक्रम अधिकारी केपी सिंह ने संचालन किया एवं कार्यक्रम अधिकारी रजनी गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षक सोनू राय, अभय तिवारी, गोविंद कुशवाह एवं दीपेश मीणा सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने किया वृद्धजनों का सम्मान

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर हुए कई आयोजन,किया वृद्धजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर नगरपालिका परिषद में वृद्धजनों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा वृद्धजनों का शाल, श्रीफल, नारियल भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान अनेक वार्ड पार्षद, नगरपालिका अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

वहीं तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर एकीकृत माध्यमिक विद्यालय ग्राम पंचायत गंज में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन पूजा गोले तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बासौदा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर में न्यायाधीश ने संबोधित करते हुए माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007, के अंतर्गत बच्चों के कानूनी दायित्व, भरण पोषण अधिकरण, धारा 23 के अन्तर्गत संपत्ति की सुरक्षा एवं परित्याग पर दंड की व्यवस्था एवं शासन द्वारा संचालित योजनाओं जैसे, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, आयुष्मान भारत एवं स्वास्थ्य सुविधाएं एवं अन्य शासन की



कल्याणकारी योजनाएं, निः शुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में उपस्थित वृद्धजनों का सम्मान किया गया। आयोजित कार्यक्रम में रुचि जैन अधिवक्ता, सरपंच माया देवी दुबे, सहायक सचिव शरद शर्मा, प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार दिवाकर, अध्यापक मदन बाबू जाटव, श्रवण कुमार साध्य, अनीता ठाकुर, साधना कुलश्रेष्ठ, पीएलव्ही विनोद सहित बडी संख्या में वृद्धजन एवं छात्र, छात्राएं और ग्रामीण सम्मिलित हुए।

बुजुर्गों की वाणी वरदानी, परिवार के लिए सुरक्षा कवच होते हैं

गंजबासौदा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केंद्र में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम 'संगम, गौरवपूर्ण, वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन अभियान' के तहत आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वृद्धजन एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। सेवा केंद्र की ओर से वृद्धजनों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कहा कि वृद्धावस्था संतुष्टता की आयु है। इस अवस्था में व्यक्ति को इच्छाओं से ऊपर उठकर दातापन और साक्षीभाव को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों का मुख्य कार्य परिवार में उमंग-उत्साह बढ़ाना है। उनकी वाणी वरदानी होती है और उनके सकारात्मक विचार घर-परिवार के लिए सुरक्षा कवच का कार्य करते हैं। बुजुर्गों को कभी स्वयं को अकेला नहीं समझना चाहिए, वे परिवार के आधार, घर की शान और रौनक हैं, बुजुर्गों का सम्मान करने से परिवार में खुशहाली आती है। उनका घर में होना ही परिवार को एक प्रकार की सुरक्षा और संबल प्रदान करता है। ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने कहा कि उनके जीवन में बुजुर्गों के आशीर्वाद का विशेष योगदान रहा है। बुजुर्गों की दुआओं और शिक्षाओं से उनकी आध्यात्मिक यात्रा को दिशा मिली। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग अनुभव के भंडार और सदैव प्रेरणा के स्रोत होते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित कई वृद्धजनों ने भी अपने अनुभव साझा किए, उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का जीवन अनुभव की किताब होता है और वे परिवार के लिए छायादार वृक्ष के समान हैं। मनु बहन ने राजयोग का अभ्यास कराकर उपस्थित लोगों को शांति की गहन अनुभूति कराई। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में वृद्धजन एवं अन्य नागरिकगण तथा ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की दीदी मौजूद थीं।

विद्यार्थियों को दी यातायात सुरक्षा की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नवांकुर विद्यापीठ हाई स्कूल तपोवन में यातायात सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें यातायात निरीक्षक सहित पुलिस कर्मियों द्वारा विद्यार्थियों को यातायात सुरक्षा से संबंधित अनेक जानकारियाँ दी गईं। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी, वीरेंद्र तिर्की, राम सिंह योद्धा, बुद्ध पाल, राकेश सैनी, विद्यालय के संचालक शैलेंद्र दीक्षित, विद्यालय के प्राचार्य रामबाबू पांचाल, ओपी श्रीवास्तव, शिवम पाठक, रेणु ठाकुर सहित तपोवन स्टॉफ के सदस्यगण उपस्थित थे। निरपत सिंह लोधी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें यातायात सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना चाहिए। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल करना चाहिए। कभी भी फोन पर बात करते हुए गाड़ी नहीं चलाना चाहिए और ऐसा करने से दूसरों को भी रोकना चाहिए।

धर्मध्वजा, झांकियों, चांदी के रथ के साथ निकलेगा विमान जी चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पर्युषण पर्व के समापन के पश्चात सकल जैन समाज द्वारा नगर में भव्य विमानजी चल समारोह का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक रंगों से सजा यह चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगा। चल समारोह का शुभारंभ श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, पारसपुरम धूसरपुरा से होगा। प्रातः काल अभिषेक एवं शांतिधारा के पश्चात बिमानजी चल समारोह प्रारंभ होगा। समारोह सराफा बाजार, सावरकर चौक, जयस्तंभ चौक, अंबेडकर चौक, नेहरू चौक, कक्काजी वाली गली होते हुए भगवान महावीर मार्ग एवं मिल रोड से होकर श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, त्योंदा रोड पहुँचेगा। यहां श्रीजी का कलशाभिषेक कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके पश्चात क्षमावाणी एवं वात्सल्य भोज का आयोजन किया जाएगा। विमानजी चल समारोह में सबसे आगे घोड़ों पर सवार नन्हे-मुन्ने बच्चे हाथों में धर्मध्वजा लेकर चलेंगे। उनके पीछे नगर के विभिन्न जिनालयों की अभूतपूर्व धार्मिक झांकियां एवं पाठशाला के बच्चों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके बाद नगर के महिला मंडल की सदस्याएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक छटा बिखेरेंगी। जैन दिव्यघोष के बाद पुरुष वर्ग धार्मिक भजनों एवं गीतों का गायन करते हुए भक्ति में सराबोर होकर चलेगा। समारोह के अंत में चांदी के रथ में विराजमान श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। पूरे चल समारोह के दौरान नगर में धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण देखने को मिलेगा। सकल जैन समाज ने नगर के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं, माताओं-बहनों एवं युवाओं से इस भव्य धार्मिक आयोजन में अधिक संख्या में शामिल होकर विमानजी चल समारोह एवं क्षमावाणी पर्व को सफल बनाने की अपील की है।

लक्ष्मण झूला, शिव गुफा की हो रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नवरात्रि के पूर्व से ही माता जी की झांकी को लेकर तैयारियां शुरु हो गई हैं। वार्ड नंबर 8 अयोध्या बस्ती में इस बार 101 फीट लंबे लक्ष्मण झूला के साथ 101 शिव गुफा भी देखने को मिलेगी। झांकी समिति के अध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा ने बताया कि 18 बरसों से श्री शिव शक्ति नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा माताजी की झांकी लगाई जा रही है, हर साल माताजी की प्रतिमा को होशंगाबाद से लाया जाता है और स्थापना से लेकर विसर्जन तक रोज भजन संध्या गरबा डांडिया डांस सुंदरकांड किए जाते हैं। पंडाल की व्यवस्था एवं लक्ष्मण झूला के साथ-साथ शिव गुफा की की तैयारियों के लिए श्री शिव शक्ति नवदुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा, शिवम कुशवाहा, सौरभ मालवीय, रवि अहिरवार, विक्की अहिरवार, सुदीप मालवीय, सुमित, राज, देव, दीपक, योगेश, राकेश, हर्ष सहित समिति के अन्य सदस्य रात्रि के समय करने में जुटे हुए हैं।

एसडीईआरएफ ने मॉक ड्रिल से समझाया आपदा में रेस्क्यू करना

गंजबासौदा। एलबीएस कॉलेज में गुरुवार को जिला होमगार्ड कमांडेंट एवं एसडीईआरएफ टीम ने आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित कर विद्यार्थियों को बचाव और राहत कार्यों का प्रायोगिक प्रदर्शन किया। टीम के जवानों ने मॉक ड्रिल के जरिए आपदा की स्थिति में किए जाने वाले रेस्क्यू ऑपरेशन को मौके पर प्रदर्शित किया। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट मयंक कुमार जैन, कम्पनी कमाण्डेंट देवी सिंह परते, एसडीआर एफ जवान देवेन्द्र सिंह, संदीप सिंह, देवेन्द्र किलोरिया, गौरव रघुवंशी, संजय, अली खान एवं एनसीसी सूबेदार बालक सिंह ने आपदा के समय बचाव उपकरणों के इस्तेमाल से लेकर सुरक्षित तरीके से लोगों को बाहर निकालने की प्रक्रिया समझाई। प्रदर्शन के दौरान टीम ने बताया कि भूकंप, भवन क्षतिग्रस्त होने या अन्य आपात स्थिति में फंसे लोगों तक किस तरह पहुंचा जाता है। जवानों ने बचाव उपकरणों के उपयोग, सुरक्षित रेस्क्यू तकनीक और प्राथमिक सहायता देने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया।



विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि किसी आपदा के दौरान मौके पर पहुंचने के बाद सबसे पहले किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और किस तरह सुरक्षित तरीके से राहत कार्य शुरू किया जाता है। प्राचार्य डॉ. पीयूष दुबे एवं एनसीसी अधिकारी मनीष छांचर ने टीम का स्वागत किया। प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों ने रेस्क्यू प्रक्रिया को करीब से देखा और टीम के सदस्यों से सवाल पूछे। जवानों ने विद्यार्थियों को विभिन्न आपदा परिस्थितियों के उदाहरण देकर बचाव के तरीके समझाए। विद्यार्थियों को बताया गया कि आपदा के समय त्वरित निर्णय, सही तकनीक और उपलब्ध संसाधनों का सुरक्षित उपयोग जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स को परेड का प्रशिक्षण दिया गया।

सिद्धेश्वरी मंदिर में चल रही श्रीमद् भावगत कथा

श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण की बाल लीलाओं का हुआ वर्णन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

जय स्तंभ चौक के समीप सिद्धेश्वरी मंदिर पीडब्ल्यूडी परिसर में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर भक्तिमय माहौल रहा। कथा व्यास पंडित उपेंद्र शास्त्री महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा वाचक ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा भवसागर से पार लगाने वाली है। इस कथा के श्रवण मात्र से जीव के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। पंचम दिवस की कथा में शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी लीला, चीर हरण लीला तथा गोवर्धन लीला का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए किस प्रकार लीला करते हैं। इंद्र के अभिमान को चूर करने के लिए भगवान ने सात वर्ष की आयु में अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को धारण कर ब्रजवासियों की रक्षा की थी। गिर्राज गोवर्धन की कथा सुनकर पूरा पांडाल गोवर्धन महाराज की जय के जयकारों से गूंज उठा। कथा के दौरान जब बधाई के भजन गाए गए तो सभी भक्तजन उठकर झूमने लगे और सुंदर नृत्य किया। महिलाओं ने बधाई गीतों पर नृत्य कर उत्सव मनाया। इस मौके पर सिद्धेश्वरी मंदिर पुजारी कंछेदीलाल, जगदीश, ओम प्रकाश वर्मा, भूरा रघुवंशी, राकेश दुबे सहित अनेक भक्तगण उपस्थित थे। यह आयोजन वृंदावन निवासी लक्ष्मीकांत आर्या दुबे तथा ज्योति दुबे बाल किशन दुबे एवं उनके परिवार द्वारा कराया जा रहा है। कथा के अंत में गोवर्धन भगवान का विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके उपरांत भगवान को 56 भोग का प्रसाद अर्पित किया गया। कथा उपरांत उपस्थित सभी भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया। कथा के मध्य में नगर के श्री सनातन धर्म सेवा संस्थान समिति के सदस्य शिवप्रसाद श्रीवास्तव, सुरेश कुमार तनवानी, राजकुमार, विनीत, योगेश ने कथा में पहुंचकर श्री भागवत भगवान का पूजन-अर्चन किया एवं पंडित उपेंद्र शास्त्री महाराज का फूल मालाओं एवं शाल पहनाकर श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कथा आयोजकों ने बताया कि कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 तक चल रही है, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु पहुंचकर कथा का लाभ ले रहे हैं।

देर तक लगा जाम

गंजबासौदा। नगर के सबसे व्यस्ततम पचमा बायपास मार्ग पर प्रतिदिन देर तक जाम लगता है। जिससे यहां के रहवासियों, दुकानदारों, राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ज्ञात हो कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों दो पहिया, चार पहिया, बस, ट्रेक्टर, ट्राली, डंपर सहित अन्य वाहनों की आवाजाही होती है। यातायात का अधिक दबाव होने से मार्ग पर वाहनों के फंस जाने से देर तक जाम की स्थिति निर्मित हुई। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

नपा ने लगवाई स्टील की रैलिंग

गंजबासौदा। नगर के गांधी चौक पर गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने सीढ़ी नहीं थी। जिस कारण से विभिन्न राजनैतिक, सामाजिक संगठनों को महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के दौरान खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। आमजन की परेशानियों को देखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा द्वारा स्टील की रेलिंग लगाई गई। जिससे अब नागरिकों को गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के दौरान परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।



छैल बिहारी मंदिर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ रहा जनसैलाब

गंजबासौदा। नगर के वार्ड क्रमांक 17-18 छैल बिहारी मंदिर पर चल रही भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पं केशव शास्त्री ने बताया कि अनुभूति के बगैर विश्वास कैसे संभव है जाने बिनु ना होई परतीती, बिनु परतीत होई नहीं प्रीती, बिना जाने विश्वास नहीं होता और अब बिना विश्वास के प्रति नहीं होती प्रेम नहीं होता और प्रीति के बगैर प्राप्ति नहीं होती, क्योंकि प्रेम से ही पाना संभव है। वक्ता में विश्वास पर बोले अच्छा वक्ता हो तो बड़े अच्छे-अच्छे शब्द होते हैं शब्दों का तो अनुभव होता है शब्दों की अनुभूति होती है लेकिन अनुभूति के शब्द कहां मिलते हैं अनुभूति के शब्द वही होते हैं जहां व्यक्ति तत्वदर्शी हो। वक्ता में विश्वास बोले और श्रोता में श्रद्धा सुने विश्वास वक्ता हो और श्रद्धा हो तब शिव विश्वास और उमा जी ज्ञान को प्रकट करती है। इसका जन्म नहीं इसका प्राकट्य ज्ञान जो नित्य है उनको प्रकट करना है, वह ढका हुआ है किस प्रकार ढका हुआ है। यह भी भगवान ने गीता में बताया जिस प्रकार धुएं में अग्नि ढका हुआ है जिस प्रकार रज में दर्पण ढका हुआ है। पाप का कारण है वासना और वासना का कारण है अज्ञान इसलिए ज्ञान को प्रकट करें अज्ञान न रहे वासना ना रहेगी तो फिर पाप होगा ही नहीं इसलिए पाप से बचने का जो वास्तविक उपाय है वह यही है कि ज्ञान को प्रकट करो, ज्ञान के समान कुछ पवित्र नहीं है। रज का चाहे हिमालय हो जाए दर्पण के ऊपर किंतु दर्पण का दर्पण तत्व कायम रहता है, वह मिटता नहीं ज्ञान कभी मिट नहीं सकता क्योंकि वह तो नित्य वस्तु है, अज्ञान उसको ढक तो सकता है लेकिन मिटा नहीं सकता। इस प्रकार आगे चतुर्थ स्कंध में आपने ध्रुव का चरित्र सुनाया। साथ ही सभी भक्तों ने भावपूर्वक भागवत की आरती संपन्न की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुगण मौजूद थे।



रोस्टर के अनुसार डॉक्टर नहीं मिले, दस्तावेजों की जांच में मिलीं कई कमियां

साई हॉस्पिटल में संयुक्त टीम का निरीक्षण

संबंधित रिकॉर्ड जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर बुधवार को एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व, स्वास्थ्य विभाग और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने अस्पतालों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। एसडीएम के नेतृत्व में गठित दल ने नगर के लिंक रोड स्थित साई हॉस्पिटल का आकस्मिक निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सकों की उपस्थिति, आवश्यक दस्तावेजों तथा मरीजों को शासन की योजनाओं का लाभ मिलने की स्थिति की जांच की गई।

बीएमओ डॉ. नीरज पंथी ने बताया कि अस्पताल का निरीक्षण नियमित जांच प्रक्रिया के तहत किया गया है। निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से यह देखा गया कि प्रधानमंत्री राहत योजना सहित शासन की अन्य स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्र मरीजों को वास्तविक रूप से मिल रहा है या नहीं। इसके साथ ही अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों से संबंधित रिकॉर्ड, पंजीयन, चिकित्सकों की उपस्थिति सहित अन्य दस्तावेजों की भी जांच की गई। संयुक्त दल को जांच के दौरान अस्पताल के दस्तावेजों में कई कमियां मिलीं। वहीं अस्पताल में निर्धारित रोस्टर



के अनुसार चिकित्सक भी मौजूद नहीं पाए गए। निरीक्षण के बाद टीम द्वारा अस्पताल से संबंधित रिकॉर्ड को अपने कब्जे में लेकर जांच के लिए जब्त किया गया है। अधिकारियों द्वारा उपलब्ध दस्तावेजों एवं मौके पर मिली व्यवस्थाओं का परीक्षण किया जा रहा है।

अवैध नर्सिंग होम और क्लीनिकों पर भी उठ रहे सवाल

इधर, क्षेत्र में लंबे समय से संचालित हो रहे कथित अवैध नर्सिंग होम, क्लीनिक और अस्पतालों को लेकर भी स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर और आसपास के क्षेत्रों में कई स्थानों पर स्वास्थ्य संस्थान संचालित हो रहे हैं, लेकिन उनकी नियमित जांच और व्यवस्थाओं के सत्यापन को लेकर पर्याप्त कार्रवाई नजर नहीं आती। लोगों का कहना है कि निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में मरीजों को उपचार उपलब्ध कराने के साथ शासन की योजनाओं का लाभ भी नियमानुसार मिलना चाहिए। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग को समय-समय पर सभी निजी स्वास्थ्य संस्थानों की जांच कर दस्तावेज, पंजीयन, चिकित्सकों की उपलब्धता, उपचार व्यवस्था और योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। साई हॉस्पिटल में हुई कार्रवाई के बाद अब क्षेत्र के अन्य निजी अस्पतालों और क्लीनिकों की जांच को लेकर भी लोगों की नजर स्वास्थ्य विभाग की अगली कार्रवाई पर है।

फायर सेफ्टी व्यवस्था अधूरी

वही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सबसे पहले अस्पताल में उपलब्ध दवाइयों एवं मेडिकल स्टोर की जांच की। इसके साथ ही भवन से संबंधित फायर सेफ्टी व्यवस्था का भी परीक्षण किया गया, जो निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पूरी तरह सही नहीं पाई गई। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधन द्वारा जिन चिकित्सकों के नाम उपलब्ध कराए गए थे, उनमें से कई चिकित्सक मौके पर मौजूद नहीं पाए गए। वहीं मेडिकल स्टोर का जिस व्यक्ति के नाम से पंजीयन बताया गया था, वह व्यक्ति भी निरीक्षण के दौरान मौजूद नहीं मिला। इन सभी बिंदुओं को जांच टीम ने गंभीरता से लेते हुए मौके पर आवश्यक जानकारी दर्ज की। एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा विभाग एवं नगर पालिका की टीमों को अलग-अलग पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां सामने आई हैं, उनका विस्तृत एवं तथ्यात्मक विवरण पंचनामे में दर्ज किया जाए, ताकि आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जा सके।

खुले में फेंकी मिलीं दवाइयां

निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधन की एक बड़ी लापरवाही भी सामने आई। अस्पताल के पास स्थित खाली प्लॉट में पुरानी अथवा अनुपयोगी दवाइयां खुले में फेंकी हुई मिलीं। दवाइयों को इस तरह खुले में फेंका जाना न केवल नियमों के विपरीत है, बल्कि इससे आसपास गंदगी फैलने के साथ मानव और पशुओं के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। दवाइयों के उचित निपटान की व्यवस्था को लेकर भी टीम द्वारा जानकारी दर्ज की गई। इसके अलावा अस्पताल में पेयजल व्यवस्था के आसपास भी काफी गंदगी पाई गई। अस्पताल का भवन व्यापक स्तर पर तैयार किया गया है, लेकिन मरीजों एवं अस्पताल के स्टाफ के लिए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं मिली। इसके कारण अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को वाहन खड़े करने में परेशानी होने की स्थिति सामने आई। संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान मिली सभी कमियों को अलग-अलग पंचनामों में दर्ज किया गया है। अब संबंधित विभागों द्वारा दस्तावेजों एवं निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शासन की योजनाओं की दी जानकारी

सेवा संकल्प अभियानः छात्राओं ने किया एलबीएस कॉलेज का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत शासकीय एलबीएस महाविद्यालय सिरोंज द्वारा विभिन्न जागरूकता एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने शासकीय एलबीएस महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्राओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, उपलब्ध सुविधाओं एवं विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। छात्राओं ने महाविद्यालय की लाइब्रेरी, विभिन्न प्रयोगशालाओं, कार्यालय तथा कंप्यूटर लैब का भ्रमण किया।

इस दौरान उन्हें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों तथा महाविद्यालय में प्रवेश लेने के बाद मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्राओं को शासन की विभिन्न छात्रहितैषी एवं हितग्राही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इनमें गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, सेंट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप, आवास योजना एवं इंस्पायर स्कॉलरशिप सहित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली निःशुल्क स्टेशनरी एवं पुस्तकों की योजनाओं के बारे में बताया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लालचंद राजपूत ने छात्राओं द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए उपलब्ध अवसरों और योजनाओं का लाभ उठाने के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय का भ्रमण करने के बाद छात्राओं ने वहां उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय एवं महाविद्यालय का स्टाफ भी उपस्थित रहा।

पोषण माह में बच्चों के पोषण पर दिया जोर

परियोजना कार्यालय में आयोजित हुआ जागरूकता व संवाद कार्यक्रम



सिरोंज। महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत परियोजना कार्यालय में जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। 9 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चलने वाले पोषण माह का उद्देश्य समुदाय में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ कुपोषण की रोकथाम एवं बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाना है। कार्यक्रम में नवपोषण कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित जनसमुदाय एवं हितग्राहियों को बताया गया कि 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए शासन द्वारा उपलब्ध कराया जाने वाला 'थर्ड मील' (तीसरा भोजन) महत्वपूर्ण है। बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए 6 माह की आयु के बाद सही समय पर उचित मात्रा एवं पौष्टिक ऊपरी आहार देना आवश्यक है।

कार्यक्रम में रिवाड्र्स एनजीओ के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सुनील मीना ने सहभागिता करते हुए पोषण प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। वहीं परियोजना कार्यालय की सेक्टर सुपरवाइजर निर्मला एक्का ने विभागीय योजनाओं तथा पोषण माह के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सेक्टर कार्यकर्ता अमिता जैन, बबली शर्मा, वंदना जाटव, सुलेखा जैन एवं रश्मी राजपूत सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीण हितग्राही एवं बड़ी संख्या में माताएं उपस्थित रहीं।

जनगणना प्रपत्र में एससी-एसटी की तर्ज पर ओबीसी के लिए पृथक कॉलम बनाने की मांग

जातिवार जनगणना की मांग को लेकर कुशवाह समाज ने सौंपा ज्ञापन

सिरोंज। वर्ष 2027 में होने वाली जनगणना में पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की पृथक पहचान दर्ज करने तथा ओबीसी के अंतर्गत आने वाली प्रत्येक जाति की जातिवार जनसंख्या का आधिकारिक एवं प्रमाणिक आंकड़ा तैयार किए जाने की मांग को लेकर गुरुवार को प्रांतीय कुशवाह समाज मध्यप्रदेश द्वारा विदिशा जिला मुख्यालय पर ज्ञापन सौंपा गया। समाजजनों ने कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजकर जनगणना प्रपत्र में अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) की तर्ज पर ओबीसी के लिए भी पृथक वर्ग/श्रेणी का कॉलम निर्धारित किए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि वर्ष 2027 में प्रस्तावित जनगणना देश की सामाजिक एवं जनसंख्या संरचना से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़े उपलब्ध कराने का अवसर है। ऐसे में पिछड़ा वर्ग की वास्तविक जनसंख्या तथा ओबीसी के अंतर्गत आने वाली विभिन्न जातियों की संख्या का प्रमाणिक एवं आधिकारिक आंकड़ा दर्ज किया जाना आवश्यक है। समाज का कहना है कि यदि जनगणना प्रपत्र में ओबीसी की स्पष्ट एवं पृथक पहचान दर्ज करने की व्यवस्था नहीं की जाती है तो ओबीसी की कुल जनसंख्या और उसके अंतर्गत आने वाली विभिन्न जातियों की वास्तविक संख्या का व्यवस्थित आंकड़ा तैयार करने में कठिनाई हो सकती है।



जातिवार आंकड़े उपलब्ध कराने की मांग

ज्ञापन में मांग की गई कि जनगणना प्रपत्र में पहले ओबीसी वर्ग की स्पष्ट पहचान दर्ज करने के लिए पृथक कॉलम बनाया जाए और इसके बाद संबंधित व्यक्ति की जाति का नाम भी दर्ज किया जाए। इससे ओबीसी की कुल जनसंख्या के साथ-साथ उसके अंतर्गत आने वाली प्रत्येक जाति की संख्या का प्रमाणिक आंकड़ा तैयार हो सकेगा। समाज ने कहा कि जातिवार जनसंख्या के प्रमाणिक आंकड़े भविष्य में सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक योजनाओं के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण आधार बन सकते हैं। इसके माध्यम से विभिन्न वर्गों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का तथ्यात्मक आकलन करने में भी सहायता मिलेगी।

सभी ओबीसी जातियों का आंकड़ा दर्ज करने की मांग

प्रांतीय कुशवाह समाज मध्यप्रदेश ने कहा कि मध्यप्रदेश में कुशवाहा समाज सहित अनेक जातियां पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आती हैं। ऐसे में जनगणना में ओबीसी की स्पष्ट पहचान और जातिवार आंकड़े दर्ज होने से इन सभी जातियों की वास्तविक जनसंख्या का आधिकारिक आंकड़ा सामने आ सकेगा। समाज ने कहा कि इसका उद्देश्य किसी अन्य वर्ग के अधिकारों में कमी करना नहीं है, बल्कि देश की सामाजिक संरचना का प्रमाणिक, व्यवस्थित एवं तथ्यात्मक जनसंख्या आंकड़ा उपलब्ध कराना है। ज्ञापन में मांग की गई कि ओबीसी की कुल जनसंख्या तथा प्रत्येक ओबीसी जाति की जातिवार जनसंख्या का विधिवत एवं आधिकारिक रूप से संकलन किया जाए। इसके साथ ही जातिवार आंकड़ों के संकलन एवं प्रकाशन के लिए स्पष्ट और पारदर्शी प्रक्रिया निर्धारित की जाए, ताकि भविष्य में नीति निर्माण एवं सामाजिक अध्ययन के लिए प्रमाणिक आधार उपलब्ध हो सके।

नप द्वारा कीटनाशक का छिड़काव प्रारंभ

मच्छरों कीट-पतंगों के नियंत्रण के लिए नगर परिषद हुई सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

बारिश का दौर थमते ही नगर में मच्छरों कीट-पतंगों और मकड़ियों का भारी प्रकोप बढ़ गया। खाली प्लाटों में भरा पानी मच्छरों को पैदा करने के प्रमुख स्थान बन रहे थे। नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी की सक्रियता निर्देश पर नगर के सभी 15 वार्डों में ट्रैक्टर के माध्यम से कीटनाशक दवा का छिड़काव शुरू हो गया है।

मिलेगी राहत -मच्छरों कीट पतंग की भरमार और बार-बार बदल रहे मौसम के कारण सर्दी जुखाम बुखार के साथ मलेरिया डेंगू बढ़ने की संभावना बन रही थी। सीएमओ हरिशंकर वर्मा के निर्देश पर ट्रैक्टर पर ड्रम बांधकर नगर के विभिन्न हिस्सों में कीटनाशक दवा पानी में मिलाकर छिड़काव किये जाने से मच्छरों किट पतंग का प्रकोप नियंत्रण होने के साथ उनके



अंडे भी नष्ट होने से आने वाले दिनों में नगर वासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

1008 ऋद्धि मंत्रों से गूंजेगा खरगौन, आज से भगवान आदिनाथ का महामस्तकाभिषेक

तीन दिन धर्ममय रहेगा खरगौन, जैन समाज के नर नारियों की रहेगी भारी उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

धर्म और आस्था के संगम का साक्षी बनने जा रहा है खरगौन। भगवान आदिनाथ के तीन दिवसीय महामस्तकाभिषेक का भव्य आयोजन 2 अक्टूबर शुक्रवार से 4 अक्टूबर रविवार तक होने जा रहा है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य श्री समय सागर जी एवं आचार्य श्री कुलरत्नभूषण जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में पूज्य मुनि श्री 108 विमल सागर जी महाराज एवं पूज्य मुनि श्री 108 अनंत सागर जी महाराज का पावन सानिध्य रहेगा।

आज से आयोजन की शुरुआत

2 अक्टूबर को सुबह 7:30 बजे भव्य अगवानी एवं महामस्तकाभिषेक के साथ होगी। इसके बाद मुनिश्री की मंगल देशना होगी। शाम 7 बजे महाआरती, भक्तामर पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।3 अक्टूबर को मुनिश्री के सानिध्य में महामस्तकाभिषेक एवं विधान संपन्न होगा। वहीं 4 अक्टूबर रविवार को रवि पुष्य



योग के विशेष संयोग में 1008 ऋद्धि मंत्रों द्वारा भगवान आदिनाथ का महामस्तकाभिषेक एवं शांतिधारा की जाएगी। धार्मिक दृष्टि से विशेष माने जा रहे इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की तैयारी है।भगवान आदिनाथ के दर्शन के लिए विभिन्न स्थानों से पदयात्रा कर खरगौन पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का समिति द्वारा विशेष सम्मान किया जाएगा। आयोजन में भक्ति और संगीत का रंग भी देखने को मिलेगा। श्री विद्यासागर कीर्तन मंडल, सिलवानी द्वारा महाआरती एवं भजन-कीर्तन की प्रस्तुति दी जाएगी।

भोजन-आवास की व्यवस्था

समिति के कोषाध्यक्ष विकास जैन ने बताया कि आयोजन में शामिल होने वाले अतिथियों एवं श्रद्धालुओं के लिए भोजन और आवास की समुचित व्यवस्था की गई है। तीन दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन को लेकर समाजजनों में उत्साह है। समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान आदिनाथ के महामस्तकाभिषेक एवं धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागी बनने का आग्रह किया है।खोना बाबा समिति बरेली खरगोन अध्यक्ष नितिन जैन, निलेश जैन विकास जैन अमित जैन शैलेंद्र जैन राजीव तारण सुरेश जैन सभी खोना बाबा समिति खरगोन द्वारा समस्त धर्म प्रेमीबंधुओ से खरगोन पधारने की अपील की है।

अचानक हमला कर देने का भय

नगर में काले मुंह के बंदर लंगूर मचा रहे उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर में काले मुंह वाले बंदर लंगूर घरों के ऊपरी हिस्सों में पहुंचकर उछल कूंद कर रहे हैं। वही लंगूरों को देखने लोगों में भारी उत्सुकता और अचानक हमला कर देने का भय भी बना हुआ है।

नगर में हरियाली और वृक्षों की अधिकता है। 10-12 किलोमीटर दूर जंगल और सिंगोरी अभ्यारण भी लगा हुआ है। वर्तमान में संपूर्ण क्षेत्र में धान की फसले लह लहा रही है। सिंगोरी अभ्यारण से बाहर निकले और भटके दो काले मुंह के बंदर हांकी मैदान के आसपास बस्ती में देखे जा रहे हैं। बंदरों द्वारा कच्चे पक्के मकानो पर धमा चौकड़ी किए जाने से छतो पर रखा सामान, कच्चे मकानो के कवेलू टूट रहे हैं।

बन रहा तमाशा- दिनभर स्थान स्थान पर दो बंदर देखे जा रहे



हैं बंदरों को निकट से देखने की सबसे अधिक उत्सुकता बच्चों युवाओं महिलाओं में बनी रहती है। एक से दूसरे स्थान पर छलांग लगाते बंदरों को निकट से देखने में कभी भी हमला करने की संभावना भी बनी रहती है।

नप सेवा संकल्प अभियान में सक्रिय

सफाई स्वच्छता अभियान के साथ होगा वृक्षारोपण



बरेली। नगर परिषद द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्य किया जा रहे हैं। आज शुक्रवार को नगर के पहले और सबसे पुराने पार्क बाल विहार में सुबह-सुबह सफाई स्वच्छता अभियान के साथ नगर परिषद के तत्वाधान में वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी रखा गया है।पिछले दिनों नगर परिषद द्वारा नगर की मुख्य सड़क पर बने डिवाइडर पर वृक्षारोपण किया गया। नगर में विभिन्न स्थानों पर नगर परिषद द्वारा बनवाए गए सुलभ शौचालय का शुभारंभ हुआ। फोर लेन पर वृक्षारोपण पर कार्यक्रम हुआ। आज नगर परिषद के अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी पार्षदों, गढ़मानय नागरिकों द्वारा बाल विहार पर विशेष साफ सफाई स्वच्छता अभियान चलाकर वृक्षारोपण भी किया जाएगा।

हरा भरा हुआ नगर

पिछले अनेक वर्षों से नगर में खाली पड़ी स्कूलों शासकीय कार्यालयो की भूमियों पर वृक्षारोपण किया जाने से नगर में हरियाली बढ़ती जा रही है। वर्षों पूर्व लगाए पौधे अब बड़े-बड़े वृक्ष हो गए हैं। वृक्षारोपण पर्यावरण प्रेमी शरद राठी के साथ स्कूलों नगर परिषद की विशेष सराहनी भूमिका वृक्षारोपण अभियान में विगत वर्षों में बनी रही।

कुशवाहा समाज सहित सर्वदलीय समाज ने सौंपा ज्ञापन

जनगणना 2027 में ओबीसी के लिए अलग कॉलम की मांग

रायसेन। प्रांतीय कुशवाहा समाज सहित अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों ने एकजुटता दिखाते हुए जिला प्रशासन को संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा। जिसमें मध्य प्रदेश ने जनगणना 2027 में पिछड़ा वर्ग के लिए पृथक कॉलम जोड़े जाने की मांग की है। समाज की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि कुशवाहा समाज सहित अनेक जातियां पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आती हैं। यदि जनगणना में ओबीसी की स्पष्ट एवं पृथक पहचान दर्ज करने की व्यवस्था नहीं होगी, तो विभिन्न ओबीसी जातियों की वास्तविक जनसंख्या का आधिकारिक एवं प्रमाणिक आंकड़ा सामने आने में कठिनाई होगी।



पृथक कॉलम क्यों जरूरी ?

पिछड़ा वर्ग महासभा के जिलाध्यक्ष विशाल कुशवाह भैय्या लाल कुशवाह एडवोकेट प्रदीप पटेल, मनोज चौरसिया, शिक्षक राजू कुशवाह ने बताया कि ज्ञापन में तर्क दिया है कि जातिगत जनसंख्या का प्रमाणिक आंकड़ा उपलब्ध होने से भविष्य में सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक योजनाओं के निर्माण तथा उनके प्रभाव के आकलन के लिए तथ्यात्मक आधार उपलब्ध हो सकेगा। इसी प्रकार शासकीय सेवाओं, शैक्षणिक संस्थानों तथा स्थानीय स्वशासन संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण से संबंधित नीतियों की समीक्षा के लिए भी ये आंकड़े उपयोगी होंगे। विशेष रूप से पंचायती राज संस्थाओं - जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत में ओबीसी आरक्षण के निर्धारण एवं समीक्षा के लिए प्रमाणिक जनसंख्या आंकड़ों का विशेष महत्व है। मध्य प्रदेश में शासकीय सेवाओं में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण से जुड़े वर्तमान और भविष्य के निर्णयों के लिए भी ओबीसी की वास्तविक जनसंख्या का आंकड़ा महत्वपूर्ण आधार होगा।

बाल कवियत्री कुशाली साहू राष्ट्रीय मंच पर हुईं सम्मानित

बरेली। महाकाल की पवित्र नगरी उज्जैन में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन, दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित भव्य राष्ट्रीय अधिवेशन में बरेली नगर का गौरव देश स्तर पर बढ़ गया है। अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों के चर्चित कवि श्री प्रेम नारायण साहू की मात्र 9 वर्षीय प्रतिभावान सुपुत्री बाल कवियत्री कुशाली ने राष्ट्रीय मंच से अपनी ओजस्वी कविता का पाठ कर समां बांध दिया।

अधिवेशन में भारत के विभिन्न प्रांतों और राज्यों से आए हजारों स्वजातीय बंधुओं ने 9 वर्षीय कुशाली की अद्भुत काव्य शैली और आत्मविश्वास को देखकर जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया और जमकर सराहना की। पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए कुशाली ने इतनी छोटी उम्र में राष्ट्रीय मंच पर समाज और देश को अपनी कविता से मंत्रमुग्ध कर दिया। इस गौरवशाली अवसर पर बाल कवियत्री कुशाली की अद्भुत प्रतिभा से प्रभावित होकर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मुरारी गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष श्री किशोर साहू



प्रदेश अध्यक्ष श्री अशोक साहू पश्चिम बंगाल की पूर्व विधायक अम्बाजी साहू तथा राजस्थान की सेवानिवृत्त (रिटायर) कलेक्टर सहित मंच पर उपस्थित सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और गणमान्य अतिथियों ने उनका विशेष रूप से उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने कुशाली को मंच पर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु की कामना की। 9 वर्षीय कुशाली की इस राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि पर बरेली नगर सहित संपूर्ण समाज में हर्ष का माहौल है। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और शुभचिंतकों ने कवि प्रेम नारायण साहू एवं उनकी सुपुत्री कुशाली को इस सफलता पर बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

बाड़ी जनपद का ककरुआ सौजना गांव, कभी कूड़े के ढेर लगे थे, अब हर घर में शौचालय और नाली का पानी भी नहीं होता बर्बाद

जिले का आदिवासी बहुल गांव बना मिसाल: कचरे से बनाई कंचन वाटिका, अब ओडीएफ प्लस मॉडल गांव किया घोषित



संदीप दुबे ⏭रायसेन

जिले के बाड़ी जनपद पंचायत का एक छोटा सा पहाड़ी गांव ककरुआ सौजना आज पूरे जिले के लिए मिसाल बन गया है। कभी जहां हर तरफ कूड़ा-कचरा, गाजरघास और गंदे पानी के ढेर लगे थे। जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी ने बताया कि आज वहीं गांव ओडीएफ प्लस मॉडल गांव बन गया है। जनपद पंचायत बाड़ी मुख्यालय से 50 किमी दूर अजीतनगर रोड पर बसा है ग्राम ककरुआ सौजना। ग्राम पंचायत बेरखेड़ी कलां के इस गांव की आबादी 314 है। यहां सभी दलित और आदिवासी परिवार रहते हैं। पहाड़ी और ढालू क्षेत्र में बसा होने से पहले यहां स्वच्छता को लेकर काफी चुनौतियां थीं। ग्राम पंचायत के दस्तावेजों के मुताबिक, 2 अक्टूबर 2021 को गांव को ओडीएफ घोषित किया गया था। इसके बाद स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 में इसे ओडीएफ प्लस के लिए चुना गया और अब अपने कामों के आधार पर इसे उत्कृष्ट मॉडल श्रेणी में रखा गया है।



पहले सहयोग को तैयार नहीं थे ग्रामीण, अब खुद रखते हैं निगरानी

दस्तावेजीकरण में बताया गया है कि शुरू में ग्रामीण सहयोग को तैयार नहीं थे। गांव के ही रतन सिंह आदिवासी, गोवर्धन सिंह टेकाम का कहना है कि गांव में ठोस-तरल अपशिष्ट प्रबंधन की कोई सुविधा नहीं थी। सड़कों पर गोबर, घरों के सामने जानवर बंधे रहते थे। हैंडपंप के पास बर्तन धोने से गंदा पानी भरा रहता था। इसके बाद पंचायत और स्वच्छताग्राही ने चौपाल, बैठक, रैली, दीवार लेखन, स्वच्छता संवाद और पीआरए सर्वे के जरिए लोगों को जागरूक किया। निगरानी के लिए 3 महिला और 7 पुरुषों की 10 सदस्यीय समिति बनाई गई।

कचरे से कंचन वाटिका, टायर और बोतलों से सजाया सेल्फी पॉइंट

गांव की सबसे बड़ी खासियत है कचरे से कंचन वाटिका, जहां पहले सामुदायिक शौचालय के पास कचरे का ढेर था। वहां अब ग्रामीणों ने मिलकर 3फ - रिड्यूस रेस रिसाइकिल के सिद्धांत पर वाटिका बनाई है। वाहनों के पुराने टायरों, प्लास्टिक की बोतलों, मटकों में पौधे लगाए गए हैं। पुरानी लकड़ियों और बांस से बेंच और सेल्फी पॉइंट बनाया गया है। बच्चे पोस्टर बनाकर स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं।

स्कूल आंगनबाड़ियों में बनाए अलग-अलग शौचालय

गांव में हर घर में फंक्शनल शौचालय, स्कूल-आंगनबाड़ी में अलग-अलग शौचालय, 10 तरल अपशिष्ट संरचनाएं, व्यक्तिगत सोख्ता गड्ढे, व्यवस्थित नाली निर्माण, स्थिरीकरण तालाब बनाए गए हैं। घर-घर कचरा संग्रहण भी शुरू हो गया है। गांव में गंदगी फैलाने पर 250 रुपए जुर्माना तय किया गया है।इस नवाचार को देखने अब आसपास की पंचायतों के लोग भी गांव आ रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर शतायु और वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर, उनके अनुभव युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक : डॉ. प्रभुराम चौधरी





हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

वृद्धजन किसी भी परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं। उनके अनुभव, ज्ञान और नीति सिद्धांतों एवं जीवन मूल्यों से युवा पीढ़ी को जीवन की चुनौतियों का सामना करने की सीख मिलती है। परिवार और समाज में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करना केवल परंपरा ही नहीं। बल्कि हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी है। यह बात सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने गुरुवार को दोपहर अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग कार्यालय परिसर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में शतायु आयु पूर्ण कर चुके वृद्धजनों सहित वरिष्ठ नागरिकों का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। वहीं शतायु वृद्धजनों को सम्मान स्वरूप एक-एक हजार रुपए की राशि भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू भैय्या मीणा भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि वृद्धजनों ने अपने जीवन का लंबा समय परिवार, समाज और देश के निर्माण में लगाया है। उनके संघर्ष, अनुभव और संस्कार आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। आज की युवा पीढ़ी को वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों से सीख लेकर उनके प्रति संवेदनशीलता और सम्मान का भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों की देखभाल और उनका सम्मान करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। परिवार में बुजुर्गों को उचित स्थान और सम्मान मिलना चाहिए। वहीं सामाजिक स्तर पर भी उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं को समझते हुए सहयोग किया जाना चाहिए। डॉ. चौधरी ने कहा कि सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र वृद्धजनों तक पहुंचाना प्रशासन और समाज, दोनों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए।

वृद्धजनों के अनुभव समाज की पूंजी : यशवंत मीणा

जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नागरिकों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वृद्धजन परिवार और समाज के मार्गदर्शक होते हैं। उनके अनुभवों से समाज को दिशा मिलती है। बुजुर्गों का सम्मान और उनकी सेवा करना हमारी भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना बनाए रखने की बात कही। कार्यक्रम में बीजेपी जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए वृद्धजनों के सम्मान और उनके कल्याण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई।

शतायु वृद्धजनों को शाल-श्रीफल और नकद राशि देकर किया सम्मानित

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ नागरिकों के प्रति मान सम्मान और उनके योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम के दौरान शतायु आयु पूरी कर चुके वृद्धजनों को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन्हें एक-एक हजार रुपए की सम्मान राशि भी प्रदान की गई। उपस्थित अन्य वरिष्ठ नागरिकों का भी शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। सम्मान पाकर वृद्धजनों के चेहरे पर खुशी नजर आई। कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के प्रति समाज में आदर, अपनत्व और सम्मान जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना रहा।

जरूरतमंद वृद्धजनों को बांटे कृत्रिम सहायक उपकरण

कार्यक्रम में जरूरतमंद वृद्धजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप कृत्रिम सहायक उपकरण भी वितरित किए गए। इन उपकरणों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को दैनिक जीवन के कार्यों को करने में सुविधा मिलेगी। साथ ही उनकी दूसरों पर निर्भरता कम करने और आत्मनिर्भरता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। विभाग की ओर से वृद्धजनों को उनकी जरूरत के अनुसार सहायता उपलब्ध कराने की पहल की गई।

विभाग ने दी योजनाओं की जानकारी

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त संचालक मनोज बाथम ने कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी देते हुए वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास है कि जरूरतमंद वृद्धजनों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायता उपलब्ध कराई जाए और उन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले।

खुलासा : आदतन नकबजन निकला आरोपी, 70 हजार के चांदी के जेवर किए बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

घर में घुसकर नकबजनी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को सांची पुलिस ने महज 6 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से दो वारदातों में चोरी किए गए करीब 70 हजार रुपए कीमत के चांदी के जेवर, वारदात में इस्तेमाल कुदाल और टूटा हुआ पेचकस सहित करीब 80 हजार रुपए का म श रू का बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पहले से विदिशा में नकबजनी और छेड़छाड़ के मामले दर्ज हैं।

पुलिस जांच में गिरफ्तार आरोपी की पहचान सचिन अहिरवार (26), पिता नारायण सिंह निवासी शेरपुर, थाना करारिया, जिला विदिशा के रूप में हुई। फरियादी दिलीप सिंह राजपूत (50) और कमर सिंह (60), निवासी ग्राम ढकना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच में आरोपी के कब्जे से थाना सांची के दोनों अपराधों में चोरी किए जेवर बरामद किए गए। इसके अलावा चोरी में इस्तेमाल की गई कुदाल, एक टूटा हुआ पेचकस और आरोपी का करीब 10 हजार रुपए कीमत का ओप्पो मोबाइल भी जब्त किया गया।

सांची पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा आरोपी, चोरी में इस्तेमाल कुदाल और टूटा पेचकस भी जब्त

इस तरह पुलिस ने कुल करीब 80 हजार रुपए का मशरूका बरामद किया है। जिला पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक नायक के मार्गदर्शन और एसडीओपी प्रतिभा शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 घंटे में मामले का खुलासा किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राम बिलोचन शर्मा, प्रधान आरक्षक गणेशराम रघुवंशी, सुनील लोधी, रामकरण शर्मा, सुरेश गोहे तथा आरक्षक हिम्मत सिंह यादव, सौरभ रघुवंशी और ओमप्रकाश लोधी की सराहनीय भूमिका रही।

सीएमएचओ ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ, बुजुर्गों को फूलमाला पहनाकर किया स्वागत

वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर: 300 बुजुर्गों का हुआ निःशुल्क चेकअप, बीपी-शुगर और मानसिक स्वास्थ्य की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

जिला चिकित्सालय रायसेन में गुरूवार को वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सीएमएचओ डॉ. दिनेश खत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल ओड, क्षय अधिकारी डॉ. सौरभ जैन सहित अन्य चिकित्सक और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लगभग



300 वृद्ध महिला-पुरुषों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसमें ब्लड प्रेशर, शुगर-डायबिटीज और मानसिक स्वास्थ्य की जांच शामिल रही। जांच के बाद सभी को प्राथमिक उपचार और निशुल्क दवाइयां दी गईं। स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आए सभी बुजुर्गों का सीएमएचओ डॉ. दिनेश खत्री, सीएस डॉ. अनिल ओड और डॉ. सौरभ जैन ने हार-माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद सभी का स्वास्थ्य परीक्षण और प्राथमिक उपचार किया गया।

दूरदराज गांवों से स्कूल आने वाली 9 छात्राओं को मिली साइकिल

साइकिल मिली तो खिल उठे छात्राओं के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭सिलवानी

सियरमऊ की शासकीय माध्यमिक शाला में गुरुवार को निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम हुआ। शासन की योजना के तहत कक्षा 6 की 9 छात्राओं को साइकिल दी गई। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इससे उन्हें स्कूल आने-जाने में सुविधा मिलेगी। भाजपा मंडल महामंत्री सर्वेश खरे ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है।



शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र विद्यार्थी तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। साइकिल मिलने से बेटियों को स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी और उनका समय भी बचेगा। छात्राएं नियमित स्कूल आएंए मन लगाकर पढ़ें और अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में छात्राओं को शासन की विद्यार्थी हितैषी योजनाओं की जानकारी देकर बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विक्रम शाह, विनोद शाह जनपद सदस्य, रमेश शाह सचिव, अमित शुक्ला, कुंदन कुशवाहा, मनोज शुक्ला सहित ग्रामीण, अभिभावक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शिविर का किया आयोजन

50 सफाई मित्रों का किया स्वास्थ्य परीक्षण, सुरक्षा के बताए उपाय



हरिभूमि न्यूज ⏭सिलवानी

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर परिषद सिलवानी द्वारा कार्यालय में सफाई मित्रों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को लेकर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया। शिविर में नगर परिषद में कार्यरत 50 सफाई मित्रों की चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सामान्य स्वास्थ्य जांच की। जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया। शिविर में सफाई कार्य के दौरान स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारकों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। सफाई मित्रों को कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने, आवश्यक सावधानियां बरतने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था में सफाई मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे प्रतिदिन शहर को साफ रखने के लिए काम करते हैं, इसलिए उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देना जरूरी है। नगर परिषद की ओर से बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान केवल शहर को स्वच्छ रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वच्छता कार्य से जुड़े कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान को लेकर जागरूकता बढ़ाना भी इसका उद्देश्य है।

ढोल-नगाड़े बजाते बकायेदार दुकानदारों के पास पहुंची नपा की टीम, भुगतान नहीं करने पर दुकानों में की तालाबंदी

113 बड़े बकायेदारों पर करीब 3 करोड़ रुपए बकाया, तीन चार नोटिस के बाद भी नहीं जमा की राशि तो शुरू हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

शहर में दुकानों का किराया और टैक्स जमा नहीं करने वाले बकायादारों के खिलाफ नगर पालिका ने गुरुवार को अनोखे अंदाज में वसूली अभियान चलाया। सीएमओ सुरेखा जाटव करीब 30 कर्मचारियों की टीम के साथ ढोल-नगाड़े बजाते हुए बकायेदार दुकानदारों के पास पहुंचीं। नपा टीम ने दुकानदारों से मौके पर ही बकाया राशि जमा कराई। कुछ दुकानदारों ने तत्काल भुगतान कर दिया। जबकि राशि जमा करने में आनाकानी करने वाले दुकानदारों की दुकानों पर तालाबंदी की कार्रवाई की गई। साथ ही दुकानों पर कार्रवाई संबंधी नोटिस भी चस्पा किए गए।

नगर पालिका की टीम ने दीनदयाल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स सहित शहर के अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में पहुंचकर बकाया किराए



और टैक्स की वसूली की। ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंची टीम को देखकर दुकानदारों में हलचल मच गई। जिन दुकानदारों ने मौके पर ही राशि जमा कर दी, उन्हें राहत मिली, जबकि भुगतान नहीं करने वालों की दुकानों पर ताले लगा दिए गए।

तीन-चार नोटिस के बाद भी नहीं जमा की राशि

नगर पालिका सीएमओ सुरेखा जाटव ने बताया कि शहर में 113 बड़े बकायेदार दुकानदारों पर करीब 3 करोड़ रुपए की राशि बकाया है। इन दुकानदारों को पहले तीन से चार बार नोटिस जारी कर बकाया किराया और टैक्स जमा करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद राशि जमा नहीं करने पर अब सख्ती से वसूली की जा रही है। गुरुवार को चलाए गए अभियान में नगर पालिका की टीम ने करीब 5 लाख रुपए की वसूली की। नगर पालिका की टीम ने दीनदयाल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स सहित शहर के अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में पहुंचकर बकाया किराए और टैक्स की वसूली की। ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंची टीम को देखकर दुकानदारों में हलचल मच गई। जिन दुकानदारों ने मौके पर ही राशि जमा कर दी।

आवासीय क्षेत्रों में भी होगी कार्रवाई

सीएमओ सुरेखा जाटव और रानी तिवारी ने शहरवासियों से अपील की है कि वे समय पर संपत्ति कर और दुकानों का बकाया किराया जमा करें। उन्होंने कहा कि टैक्स और किराए से मिलने वाली राशि शहर के विकास कार्यों के साथ नगर पालिका के कर्मचारियों को समय पर वेतन देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।